स्वदेश
इंदौर, शनिवार
13 सितम्बर 2014

शहर के बाहर भी दे रहे सायबर सुरक्षा की जानकारी

सायबर सुरक्षा "संदेश" अभियान की 58 वीं कार्यशाला आयोजित

इंदौर। वरुण कपूर पुलिस महानिरीक्षक द्वारा चलाए जा रहे संदेश अभियान के अंतर्गत सायबर सुरक्षा अभियान की 58 वीं कार्यशाला का आयोजन सेंट्रल इंडिया एकेडमी, देवास के सभागृह में किया गया। इस अभियान के तहत अब शहर के बाहर भी सायबर सुरक्षा की जानकारी छात्र-छात्राओं को दी जा रही है। श्री ने बताया कि प्रथम सत्र उनके स्वयं के द्वारा लिया गया जिसमें उपस्थित जन-समूह को सायबर सुरक्षा के सभी पहलुओं से अवगत कराया गया और सभी को यह भी बताया कि इस क्षेत्र में किस प्रकार से सुरक्षित रहकर टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करें व गलती करने से कैसे बचें और शिकार बनने से भी कैसे बचा जाए । उन्होंने बताया कि इस जागरूकता अभियान को विस्तारित किया गया है । अब यह प्रदेश के अन्य शहरों में भी संपादित किया जा रहा है।